# पांच सदस्यीय नकबजन गिरोह गिरफ्तार

## 12 लाख का माल बरामद, चोरी का माल खरीदने वाले 2 सुनार को भी आरोपी बनाया

**भोपाल, 16 जनवरी. राजधानी की बागसेवनिया पुलिस ने पांच सदस्यीय नकबजन गिरोह को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके कब्जे से 12 लाख रुपये का माल बरामद किया है.**

आरोपी बैतूल, नर्मदापुरम व रायसेन जिले के रहने वाले हैं. वह किराए का मकान लेकर रह रहे थे और एल्युमीनियम वर्क का काम कराने के बहाने सूने मकानों की रैकी करने के बाद वारदातों को अंजाम देते थे. बदमाशों से चोरी का माल खरीदने वाले 2 सुनारों को भी आरोपी बनाया गया है.

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संदिग्ध राहुल उर्फ सत्यम केवट (23) निवासी बाड़ी रायसेन, विशाल विश्वकर्मा (20) निवासी श्याम नगर बरखेड़ा पठानी गोविंदपुरा, अंकुश अहिरवार (19) निवासी बरखेड़ा पठानी, विशाल पवार (27) निवासी ग्राम पिपरिया थाना मुल्ताई जिला बैतूल, आयुष विश्वकर्मा (25) निवासी ग्राम बीसारोडा पोस्ट इटारसी नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया. पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने चोरी का माल कृष्णकांत सोनी (37) निवासी सराफा बाजार नर्मदापुरम और अण्णा साहेब (41) निवासी सराफा के पास नर्मदापुरम को बेचा था. पुलिस ने इन दोनों को भी आरोपी बनाया है. सभी आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी का करीब बारह लाख रुपये का माल बरामद किया है. आरोपी पूर्व में थाना कटारा हिल्स में चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार किए गए थे. वह किराए का मकान लेकर एल्युमीनियम वर्क का काम करने के बहाने सूने मकानों की रैकी करते थे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दे देते थे. चोरी में मिली नगदी घूमने, खाने-पीने, होटल में रुकने और मौज-मस्ती करने में खत्म करते थे. चोरी के जेवरात नर्मदापुरम में ज्वैलर्स के संचालक कृष्णकांत और सोना-चांदी गलाने वाले अण्णा को बेचे थे.

### यहां की थी चोरी

गुलाबी नगर बागसेवनिया निवासी विष्णु पारिक (32) ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 30 नवंबर को उनकी शादी आयुषी तिवारी से हुई थी. अगले महीने वह अपने मायके गई थी. इस बीच 17 दिसंबर को बहन प्रीति तिवारी की दादी सास की तबियत अचानक खराब होने से वह अपनी मां के साथ उन्हें देखने देवास गए थे. करीब एक सप्ताह बाद लौटने पर गेट का ताला टूटा मिला. सूने मकान में घुसे अज्ञात चोर जेवरात व अन्य सामान समेत लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर गए. इसी प्रकार सरकारी विभाग से रिटायर्ड मोहन चौधरी (63) गुलाबी नगर में रहते हैं. विगत नौ सितंबर को वह अपने परिवार के साथ गृहनगर अररिया बिहार गए थे. इस बीच उनके सूने घर को निशाना बनाकर लाखों का सामान चुरा ले गए. पुलिस ने उक्त दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से मिला सुराग पुलिस ने घटनास्थल के आसपास करीब 50 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए. फुटेज से मिले अहम सुराग और किराएदारों की गतिविधियों पर नजर रखी गई.

### लूट के आरोपियों का निकाला जुलूस

राजधानी के करोद क्षेत्र में अड़ीबाजी करने वाले तीन अरोपियों का जुलूस निकाला. आरोपियों पर क्षेत्र में मारपीट और अड़ीबाजी करने के आरोप है. पुलिस ने अरबाज उर्फ नाडा 19 साल को गैस राहत कॉलोनी करोंद थाना निशातपुरा, इस्लाम उल्ला उम्र 32 वर्ष निवासी एहसान नगर करोद थाना निशातपुरा, अमन उर्फ बच्चा बागउमराव दल्हा नसीर सेठ की मस्जिद थाना ऐशबाग और अदनान ऑटो चालक की तलाश की. इनमें से तीन आरोपी अरबाज, इस्लाम उल्ला, अमन को गिरफ्तार किया, जबकि एक आरोपी अदनान फरार है.

# बच्चों पर भारी पड़ रहा वायरल संक्रमण

▸ प्रतिदिन ओपीडी में दर्ज हो रहे 120 से अधिक मामले





**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 16 जनवरी. जिले के कई अस्पतालों में छोटे बच्चों में बुखार, खांसी, सर्दी, जुखाम वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है. एक से पांच साल के बच्चों फीवर की चपेट में आ रहे हैं.**

जेपी अस्पताल में बच्चों के ओपीडी में प्रतिदिन 120 से अधिक मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें से करीब 4 से 5 केस रोजाना जनरल बच्चों के वार्ड में और करीब 5 बच्चे सीवियर वार्ड में भर्ती किये जा रहे हैं.

**बुखार के लक्षण**: सांस तेज चलना, कई दिनों तक बुखार आना, सर्दी, जुखाम होना, खांसी आना.
**बचाव**: संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाकर रखें. ठंड से बचाने के लिए बच्चे को गरम कपड़े पहनाएं. बुखार की स्थिति में तुरंत नजदीकि डॉक्टर की सलाह लें. बिना चिकत्सीय परीक्षण के देशी उपचार से बचें. हर सर्दी खांसी में एंटीबायोटिक देना सही नहीं होता. टीकाकरण समय से लगवाएं. साफ-सफाई का ध्यान रखें.



जेपी जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ पीयूष पंचरत्न ने बताया कोविड के बाद से कुछ ऐसे संक्रमण भी अब फैल रहे है, जो शरीर की मारक क्षमता के अनुसार खुद को ढाल ले रहे हैं. इन पर दवाइयों का असर भी देर से होता है. बैक्टीरिया में होने वाले म्यूटेशन उन्हें एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी बना देते हैं, जिससे ऐसे संक्रमण का इलाज मुश्किल हो जाता है. इसी कारण कई बार हफ्ते भर से ज्यादा बच्चों में बुखार, खांसी, सर्दी जैसी समस्याएं बनी रहती हैं. ऐसे में कई बार समय पर इलाज न मिलने से बीमारी निमोनिया में बदल जाती है.

## एक नजर में



### चतुर्थ समयमान वेतनमान की स्वीकृति से खुशी

**बैरसिया, 16 जनवरी.** प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव द्वारा कैबिनेट में शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ देने की मंजूरी से शिक्षकों में खुशी है. इस संबंध में शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. क्षत्रबीर सिंह राठौड़ सहित संघ के पदाधिकारियों एव सदस्यों ने आयुक्त शिल्पा गुप्ता लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) को पुष्पगुच्छ भेंट कर मिठाई खिलाकर धन्यवाद ज्ञापित किया है। शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राठौड़ ने चतुर्थ समयमान के निर्णय को शिक्षक समाज की बड़ी जीत बताते हुए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर संघ के संभागीय अध्यक्ष विकास चौहान, जिला अध्यक्ष नागेश पांडे, जिला सचिव जितेंद्र चौहान, जिला कार्यकारिणी सदस्य राकेश शुक्ला, शिशुपाल सिंह राजपूत, बालेंद्र सिंह, ब्रजेंद्र यादव, संतोष जैन, शिवनारायण पाल आदि मौजूद थे.

### मंडी सचिव ने फर्म को जारी किया नोटिस



**बैरसिया, 16 जनवरी.** बैरसिया कृषि उपज मंडी में कृषि उपज धान पर निर्धारित हम्माली दर से अधिक कटौत्रा किए जाने वाली फर्म शिवशंकर ट्रेडर्स संचालक विजय कुमार साहू को मंडी सचिव सुनील कुमार भालेकर ने बीते मंगलवार को कारणदर्शी सूचना पत्र क्रमांक 1229 जारी किया है. मंडी सचिव के पत्र में उल्लेख है कि ई-अनुज्ञा पोर्टल पर भुगतान पत्रकों का परीक्षण किए जाने पर पता चला है कि फर्म शिवशंकर ट्रेडर्स द्वारा 31 दिसंबर 2025 को कृषि उपज धान वजन 14.95 क्विंटल का भुगतान पत्रक क्रमांक 10231125377 जारी किया गया. जिससे कुल हम्माली 3300 रुपए का कटौत्रा किया गया. तथा फर्म संचालक द्वारा निरन्तर रूप से इस प्रकार का कृत्य किया जा रहा है. फर्म का उक्त कृत्य मंडी एवं कृषकों के हित में न होकर मप्र. कृषि उपज मंडी नियम 1972 उपविधि के प्रावधानों एव अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन परिलक्षित करता है. अत: फर्म तीन दिवस के अंदर सम्बंधित कृषक को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के समक्ष हम्माली कटौत्रा की अंतर राशि का भुगतान उपरांत अपना जवाब प्रस्तुत करे और खरीदी दिनांक से 12 जनवरी 2026 तक खरीदी सम्बंधी आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करें. अन्यथा फर्म के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी.



### विकासखंड की खेलो एमपी प्रतियोगिता संपन्न


बैरसिया, 16 जनवरी. बैरसिया विकासखंड खेलों एम पी यूथ प्रतियोगिताएं शुक्रवार को विद्या विहार स्कूल बैरसिया सम्पन्न हुई, जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, रस्साखींच, योग एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती, शतरंज, पिट्ठू, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिता सम्पन्न हुई. इसमें बैरसिया विकासखंड के खिलाड़ियों ने सहभागिता की. चयनित खिलाड़ी जिला स्तर पर सहभागिता करेंगे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक दुबे समाजसेवी, नीतू शर्मा अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी, सुनील नागर प्राचार्य विद्या विहार, आशुतोष वशिष्ठ रहे. प्रतियोगिता के निर्णायकों में मीना नागर समन्वयक खेल विभाग, मदन गोपाल नामदेव, नीरज चौकसे, माजिद खान, मुस्कान सेन, राजेश शर्मा, अरुणा दांगी, दीपिका कनाडे, सुबुद्धि श्रीवास्तव आदि थे.

# नकारात्मक राजनीति को किया खारिज

## प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा-महायुति की जीत पर दी प्रतिक्रिया

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 16 जनवरी. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को महाराष्ट्र निकाय चुनावों में भाजपा-महायुति गठबंधन को मिली प्रचंड जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रचंड जीत, जनता के अटूट विश्वास पर मुहर है.**



महाराष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल और डबल इंजन सरकार को ऐतिहासिक जनादेश दिया है. जनता ने नकारात्मक, अवसरवादी और परिवारवादी राजनीति को पूरी तरह से खारिज कर दिया है. उन्होंने कहा कि मप्र के कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों को विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाई है. उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित मध्यप्रदेश व चुनाव में जुटे सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह विजय संगठन नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से सुनिश्चित हुई है.

खण्डेलवाल ने कहा कि महायुति की प्रचंड और ऐतिहासिक विजय जनता के विश्वास, सुशासन और विकासोन्मुखी राजनीति की स्पष्ट अभिव्यक्ति है. महाराष्ट्र की जनता ने बड़े जनादेश के माध्यम से यह सिद्ध कर दिया है कि वह स्थिर सरकार, पारदर्शी प्रशासन और परिणाम देने वाली राजनीति के साथ खड़ी है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनावों में महाराष्ट्र की जनता ने एक बार फिर कांग्रेस और ठाकरे बंधुओं की नकारात्मक, अवसरवादी और परिवारवादी राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है. जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब महाराष्ट्र में भ्रम फैलाने वाली राजनीति नहीं, बल्कि काम करने वाली, जवाबदेह और विकास के प्रति समर्पित सरकार चाहिए. यह जनादेश इस बात का भी प्रमाण है कि जनता अब झूठे आरोपों, अवरोध की राजनीति और स्वार्थपरक गठबंधनों से ऊपर उठकर विकास, स्थिरता और सुशासन को प्राथमिकता दे रही है. महायुति की यह विजय नकारात्मक राजनीति, स्पष्ट नीतियों और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता की जीत है, जिसने महाराष्ट्र के भविष्य को मजबूत दिशा देने का काम किया है.



### महाराष्ट्र में बीजेपी की जीत पर मनाई खुशी

**भोपाल, 16 जनवरी.** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश कार्यालय में महाराष्ट्र में संपन्न हुए निकाय चुनावों में महायुति की प्रचंड जीत पर आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर उत्सव मनाया गया. इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी और अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल.** चूनाभट्टी इलाके में रहने वाली एक युवती ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है. परिजनों के बयान के बाद ही खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो पाएगा. जानकारी के अनुसार सुहानी (18) ईश्वर नगर झुग्गीबस्ती में रहती थी. चौथी कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी थी और घर के काम काज संभालती थी. उसके माता-पिता प्राइवेट काम करते हैं. गुरुवार सुबह वह काम पर चले गए थे, जबकि घर में सुहानी और उसका छोटा भाई था. कुछ देर बाद छोटा भाई क्रिकेट खेलने के लिए चला गया. कुछ देर बाद सुहानी का भाई और मां घर आई तो सुहानी फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई.

# अब 31 तक मिलेगा सरचार्ज में छूट का लाभ

**भोपाल, 16 जनवरी. मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दी गई है.**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि में विस्तार किया गया है. पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया. कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं. मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3 लाख 84 हजार 130 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 403 करोड़ 69 लाख राशि जमा हुई है, जबकि 215 करोड़ 95 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है.

### उपभोक्ताओं के खातों में पहुंचे 227 करोड़

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में पीएम सूर्य घर योजना के तहत अब तक कुल 29 हजार 174 उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं. जिन्हें 227 करोड़, 39 लाख रुपये से अधिक की राशि सब्सिडी के रूप में उनके खातों में जमा कराई जा चुकी है. कंपनी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उपरांत विद्युत वितरण कंपनी में रजिस्टर्ड अधिकृत वेंडर से ही सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाएं. देश के करोड़ों घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है. लोगों को इस योजना का लाभ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदान किया जा रहा है. इस योजना के तहत एक किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 30 हजार रुपये, दो किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवॉट या उससे अधिक के सोलर संयन्त्र स्थापना पर 78 हजार की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है.

# कलेक्टर-कमिश्वर कॉन्फ्रेंस अब 21 को

**भोपाल, 16 जनवरी.** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 21 जनवरी बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में होगी. कांफ्रेंस में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा होगी. मंत्रालय में होने वाली इस कांफ्रेंस में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे जबकि कलेक्टर, कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे.


भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यालय परिचारक के पद हेतु भर्ती-पैनल वर्ष 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंक के विभिन्न कार्यालयों में ''कार्यालय परिचारक'' के **572 पदों** के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

2. अन्य समस्त विवरणों, जैसे पात्रता मानदंड, रिक्तियों संबंधी आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुतिकरण और अन्य निर्देशों के लिए कृपया दिनांक **15 जनवरी 2026** को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन तथा एंप्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में दिनांक **24 जनवरी 2026 को/बाद के अंक** में प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन को देखें। उम्मीदवार उपर्युक्त पदों के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) से ही आवेदन कर सकते हैं।

**3. महत्वपूर्ण तिथियाँ* :**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क के भुगतान हेतु वेबसाइट लिंक खुलना | 15 जनवरी 2026 - 04 फरवरी 2026 |
| ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथि | 28 फरवरी और 01 मार्च 2026 |

*बैंक इन तिथियों में कोई भी परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**टिप्पणी:** उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर ही प्रकाशित किया जाएगा।


### जिला खाद्य विभाग ने लिए नमूने

**भोपाल.** जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को शहर में मिलावटी पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाया. अभियान में दूध डेयरी, किराना दुकान, फास्ट फूड रेस्टोरेंट पर कार्रवाई की. खाद्य पदार्थों की लगभग दो दर्जन दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए. यह औचक निरीक्षण नूर महल रोड, अयोध्या बायपास, न्यू मार्केट, एसबी आई बैक कैंटीन, साकेत नगर, करोद, दानिश कुद और नारियल खेड़ा में किया. खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर विभाग की गतिविधियों एक बार फिर से शुरू हो गई है. फूड अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि शहर की जनता को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ मिल सके.

### युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल.** टीटी नगर थानांतर्गत पंचशील नगर में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय जकारिया (35) पंचशील नगर में रहता था. उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो साल की बेटी है.


**गर्भवती ने की आत्महत्या: भोपाल.** शाहजहांनाबाद क्षेत्र न्यू कबाड़ खाना में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की. मृतका दो महीने के गर्भ से थी. दो वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी. न्यू कबाड़खाना क्षेत्र में रात्रि के समय 26 वर्षीय विवाहित ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

**तैयारी** ▸ मध्यप्रदेश एक बार फिर वैश्विक निवेश केंद्र वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 के मंच पर कराएगा उपस्थिति दर्ज

# दावोस में वैश्विक उद्योग जगत को मप्र आमंत्रित करेंगे सीएम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 16 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश एक बार फिर वैश्विक निवेश केंद्र वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 के मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है.**



निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को राज्य की विकास नीति का केंद्र बनाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बीते एक वर्ष में देश-विदेश में निरंतर निवेश संवाद किया है. अब जनवरी में दावोस दौरे के माध्यम से मध्यप्रदेश मैन्युफैक्चरिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, रसायन उद्योग और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में वैश्विक उद्योग जगत से संवाद कर मप्र आमंत्रित किया जायेगा.

इस वर्ष वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की थीम ए स्प्रीट ऑफ डॉयलाग रखी गई है, जो सहयोग और साझेदारी पर आधारित विकास मॉडल को रेखांकित करती है. इसी भावना के अनुरूप मप्र अपनी सहभागिता के साथ दावोस में निवेश-केंद्रित संवाद, नीति प्रस्तुतिकरण और रणनीतिक साझेदारियों पर फोकस करेगा. लगभग पांच वर्षों बाद राज्य सरकार की औपचारिक भागीदारी को वैश्विक मंच पर मध्यप्रदेश की नई आर्थिक ऊर्जा और प्रशासनिक तत्परता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने निवेश नीतियों को सरल, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल बनाया है. ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, त्वरित निर्णय प्रणाली और भूमि-आवंटन की सरल प्रक्रिया को दावोस में वैश्विक निवेशकों के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा. राज्य का उद्देश्य केवल निवेश प्रस्ताव प्राप्त करना नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और भरोसेमंद साझेदारी विकसित करना है. दावोस में मध्यप्रदेश की सहभागिता के दौरान एमपीआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि, पर्यटन विभाग और नीति सलाहकार सक्रिय रूप से वन-टू-वन मीटिंग्स, सेक्टोरल राउंडटेबल्स और कॉर्पोरेट सत्रों में भाग लेंगे. वैश्विक सीईओ और अध्यक्षों के साथ बैठकों में औद्योगिक विस्तार पर चर्चा होगी. मीडिया इंटरैक्शन के माध्यम से मध्यप्रदेश की औद्योगिक प्राथमिकताओं और निवेश-अनुकूल वातावरण को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा.

### सीएम हैप्पी पोंगल उत्सव में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत उत्सव प्रिय संस्कृति में विश्वास रखता है। जहां उत्तर भारत में मकर संक्रांति उल्लास से मनाई जाती है वहीं दक्षिण भारत विशेष रूप से तमिलनाडु में पोंगल त्यौहार आनंद और ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की शाम होटल पलाश में आयोजित हैप्पी पोंगल उत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक विष्णु खत्री भी उपस्थित थे।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-1
राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है.

| स.क्र. | टेंडर नं. | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाइन विक्रय डाउनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_CPA_473923_1 | 136/SAC dt. 7.1.26 | भदभदा चौराहा से वन विहार गेट भोपाल तक मार्ग का बी.टी. रिन्युअल का कार्य. | रु. 109.47 | रु. 1,09,470 | रु. 12,500 | 23.1.2026 |

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे. निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23/1/2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है.

कार्यपालन यंत्री
राजधानी संभाग क्रमांक-1
राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि.,
ई-5, अरेरा कॉलोनी भोपाल फोन- 0755-2464382

G24363/25



कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल
ई-मेल- ce.tender.wrdmp@gmail.com
फोन- 0755-2767635, फैक्स- 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक 1198/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग — भोपाल, दिनांक 9/1/2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं. निविदा प्रपत्र दिनांक 6/2/2026 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं. निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है.

| स.क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_WRD_474466 | **टर्न की पद्धति पर**:- बहुती पी.एच.-2 (एमसीएडी) का समस्त अव्यवों के साथ निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं. | रीवा | 5686.62 |

G24357/25 — मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)